इकतारा बोले

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204

हम दूध के धुले बाकी सब सड़े गले

'भई! बताओ इस तरह कुछ अलग सा कैसे सोच लेते हो? ' 'यह हमारा इंटेलिजेंस है, विद्वत्ता है, बुद्धि बल है। ' 'इतने क्रूर, कटु और नकारात्मक सोच के लिए बुध्दिबल या विवेक की जरूरत नहीं होती। बस नकारात्मक कुटिल शकुनी का दिमाग होना चाहिए। बस। ' 'लेकिन यह बताओ कि तुम किन बातों को अलग से सोचने की कह रहे थे? ' 'यही कि चुनावी भाषणों में जनता के हित और कल्याण को दरकिनार कर विपक्ष को डाकू और लुटेरा साबित करने के बीड़े के पीछे हर दिन जो बयान दे रहे हो, उसके बारे में कह रहा हूं। ' 'हम लोग तो बहुत कुछ कहते हैं, तुम किस खास भाषण के बारे में कह रहे हो? ' 'तुम्हारे हर भाषण में स्वयं को हरिश्चंद्र और बाकी को झूठे, फरेबी और लुटेरे साबित करने के लिए कभी मंगलसूत्र छीनने वाले, कभी सारा कुछ लूट लेने वाले, भैंसों को भी ले जाने वाले, कहीं का ताला कहीं लगाने वाले, केवल आपकी पार्टी को छोड़कर बाकी पार्टियों की सरकारों को भ्रष्ट साबित करने के अलावा और होता क्या है? 'हम भ्रष्ट नहीं हैं, तभी ऐसा कह पा रहे हैं। अब आप बताओ दो जून खाना हम गरीबों को मुफ्त राशन देकर मुहैया करा रहे हैं। अन्य खर्चों के लिए पेंशन, स्त्री समृद्धि के नाम पर पैसे, बेरोजगार भत्ते और अन्य सुविधाएं दे ही रहे हैं। उनका हित, उनका कल्याण कर रहे हैं। ऐसे में गरीब गुरबा को और क्या चाहिए। रही उद्योगपतियों की बात तो आप सब जान ही रहे हो। सत्ता में आने के बाद हमारे, विश्व के संपन्न धनिकों में हमारे देश के ही दो तीन गुजरातियों के नाम आ रहे हैं। है न यह गर्व की बात। अब इससे ज्यादा कल्याण या हित का काम कौन कर सकेगा? ' ' लेकिन सबसे बड़ी जनसंख्या वाले मध्यवर्गीय मानुष का जीवन आपने नर्क बना रखा है। महंगाई, भ्रष्टाचार, अनैतिक कार्य, टैक्सों का भरमार। मध्यवर्गीय व्यक्ति को ना जीते बन रहा है ना मरते। अधर में लटका हुआ सोच रहा है कि मैं इधर जाऊं या उधर जाऊं या ऊपर जाऊं।उसके लिए आपकी योजनाएं क्या हैं? ' ' पिछले कुछ वर्षों में हमने उच्च वर्ग और निम्नवर्ग के मानवों पर ध्यान दिया उनका कल्याण किया। अब फिर जिताएंगे तो मध्यवर्ग मानुष पर काम करेंगे। फिर काहे लूट मची है, टैक्स बढ़ गया है चिल्लाते हो। टैक्स न लेंगे तो उधर धनिक वर्ग और इधर मुफ्त राशन सुविधाएं कैसे मुहैया कराएंगे? ' मुंह न ही खुलवाओ तो बेहतर है। बड़ी और भारी लूट तो तुम्हारा ही है जो तुमको दिखता नहीं है। लाभ देती सरकारी कंपनियों की बिक्री, खास राज्य के धन्ना सेठों का भरपूर विकास और मध्यम वर्गीय जनता का करों और महंगाई के माध्यम से शोषण यह सब क्या है? इसे विकास, प्रगति या उन्नति कहते हो? ' 'यह महंगाई, टैक्स सारा कुछ पिछली सरकार का पाप है। ' 'दस साल से यही जुमला फेंक रहे हो। उस तथाकथित पाप को धोने के लिए आपको बारह साल भी काम पड़े जो वही राग अलाप रहे हो। ' 'तुम तो बस हमारी बखिया उधेड़कर खुश होते सेडिस्ट हो। ' 'हां। जनता जानती है सैडिस्ट कौन है और कुंठित व्यक्तित्व किसका है। '

करण जमरा को उपहार देकर सम्मानित किया

बाकानेरं। कहते है खुदं कां घरं एकं संपनां होतां हैंइंसांन मेंहनंत कर पाई पाई जोड़कर जब खुद का घर बनाता है।गृह प्रवेश पर अपने दोस्तों रिश्तेदारों, आस ,पड़ोसी मोहल्ले वालो को अपने खास लोगों को अपनी खुशियों मै शरीक करता है तो खुशियों मै चारचांद लगजाते है करण जमरा इलेक्ट्रिक सर्विस इंजीनियर के इन्दिरा गांधी कालोनी बाकानेर मै गृह प्रवेश पर आयोजित भोजन पार्टी मै शिरकत कर वरिष्ठ समाज सेवी काजी सैयद हमीदुद्दीन, सैयद रिजवान अली,समीर खान आमिर खान, जयस जमरा,सैयद मोहम्मद अली,सैयद हुसैन अली ने उपहार देकर बधाई शुभकामनाएं, दिली मुबारक बाद दी।

आज घरों में भी महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। - चंचल पाटीदार

मनावर से बसन्त जख्मी,(इंदौर समाचार)धार ग्रामीण जिला भाजपा कार्यालय पर नई दिल्ली में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का लाइव प्रसारण एलइडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। इस सम्मेलन में जुड़कर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी उद्बोधन का श्रवण भाजपा की सभी नारी शक्ति कार्यकर्ताओं ने किया।

उक्त कार्यक्रम के पश्चात धार जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कार्यालय पर एकत्रित नारी शक्ति को संबोधित करते हुए कहा, कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में समान अधिकार प्राप्त कर रहीं है। राजनीति, चिकित्सा, शिक्षा, वैज्ञानिक, खेल, उद्यमी, मीडिया हर क्षेत्र में महिलाएं सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर रही हैं। इस दौरान आयोजन में महिला मोर्चा महामंत्री सोनाली श्रीवास्तव, सुनीता दुबे, जिला मंत्री अनिता शर्मा सुनैना कर्मा, जिला सहकोषाध्यक्ष पिंकी वास्केल, पार्षद ममता नामदेव, दीपिका कदम, उप्पल चौबे, आशा सालवी, अर्चना जैन आदि नारी शक्ति उपस्थिथ रही। आयोजन में सहयोग हेतु जिला मंत्री लोकेश मुकाती, मीडिया सहप्रभारी अंकित शुक्ला, राहुल राठौड़, सुमित सोलंकी, यशराज तोमर उपस्थित रहे उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर ने द्वारा दी.!

ऑटो डील पर टेस्ट ड्राइव के बहाने लूट, अपहरण, हत्या करने वाले आरोपी आए पुलिस गिरफ्त में

धार से ज्ञानेंद्र त्रिपाठी धार जिले के डही में शनिवार को हुई सनसनीखेज लूट और हत्या मामले में पुलिस ने पर्दाफाश किया है कुक्षी रोड स्थित एक ऑटो डील शोरूम से टेस्ट ड्राइव के बहाने बोलेरो लूटने और शोरूम कर्मचारियों की निर्मम हत्या करने वाले मुख्य आरोपीय सहित इन लोगों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है । गिरफ्तार आरोपियों में दो बाल अपचारी भी शामिल है ?।

जिला पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 11 अप्रैल को कुक्षी रोड स्थित ए-वन ऑटो डील दुकान पर तीन अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए। आरोपियों ने बोलेरो वाहन खरीदने के बहाने गाड़ी क्रमांक MP 04TB 3572 देखी एवं फीचर्स चेक करने के दौरान चालक सीट पर बैठे ।आरोपी ने गाड़ी स्टार्ट कर कर्मचारी साहिल को साथ लेकर वाहन सहित फरार हो गए। फरियादी मोहम्मद हारून खत्री की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल अपहरण और लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में सघन जाँच करते हुए रविवार 12 अप्रैल को कर्मचारी साहिल का शव ससुरी से लगभग 02 किमी दूर मिलने पर घटना स्थल का निरीक्षण।घटना स्थल के आसपास पुलिस टीमो द्वारा डही व आसपास के आने जाने वाले समस्त मार्गों के सीसीटीवी फुटेज देखे गये। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपियों के संबंध में सूचना संकलन किया गया जिससे फूटेज में दिख रहे एक बदमाश की पहचान सुनिल पिता राधे सिंह मीणा उम्र 24 वर्ष निवासी आम्बी जिला अलीराजपुर के रुप में की गई। उक्त आरोपी का साथ दो अपचारी ने दिया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया कि आटो डील के बोलेरो गाडी में बैठे कर्मचारी व्दारा रास्ते में विरोध करने पर गोली मारकर हत्या कर दी व शव को छुपाने के उद्देश्य से ससुरी से पहले कच्चे रास्ते से सुनसान जगह पर झाडियों में ले जाकर छिपा दिया। बाद वहाँ से वाहन लेकर भागने के दौरान वाहन ससुरी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया था। वाहन पलटने के बाद हम लोग वहाँ से कच्चे रास्ते से भाग गये थे। करीब 5-6 किलोमीटर पैदल चलने के बाद आरोपीयो द्वारा अपने साथी अन्य बाल अपचारी को मोबाईल फोन लगाकर वापस बुलाया करीब 15-16 किलोमीटर पैदल चलने के बाद कुक्षी - अलीराजपुर मेन रोड पर उनका साथी बाल अपचारी मोटरसाईकल लेकर आया जिस पर तीनो आरोपी बैठकर वापस अपने गांव फरार हो गये।

स्टांप सहित महत्व-पूर्ण दस्ता-वेज जले, दो घंटो की मशक्कठत के बाद आग पर पाया काबू

धार मनावर में तहसील कार्यालय में बनी स्टांप विक्रेताओं की 6 दुकानों में लगी आग

धार। जिले के मनावर क्षेत्र में स्थित पुराने तहसील कार्यालय में बनी स्टांप विक्रेताओं की दुकान में अल सुबह अचानक आग लग गई, क्षेत्र से गुजर रहे लोगों ने आग की सूचना पुलिस सहित नगर पालिका कार्यालय को दी। कुछ ही देर में फायर वाहन मौके पर पहुंचा, हालांकि तब तक आग ने स्टांप विक्रेताओं की 6 दुकानों को चपेट में ले लिया था। दो घंटे की लंबी मशक्कात के बाद आग पर काबू पाया गया, इधर आग लगने के कारण वेंडरों की दुकान पर रखा सालों का पुराना रिकॉर्ड जलकर खाक हो गया है। वेंडरों की माने तो किसानों व ग्रामीणों के 8 से 10 साल पुराने दस्तावेज दुकानों में रखे थे, आग के कारण बडी संख्याक में स्टांप सहित अन्यच दस्तावेज जलने से नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार मनावर थाना अंतर्गत पुराने तहसील कार्यालय में सोमवार सुबह करीब 5 बजे आग लग गई। इस घटना में छह दुकानें जलकर खाक हो गई, जिससे लगभग 35 लाख रुपए के नुकसान होने का अनुमान है। आग से प्रभावित होने वाली दुकानें छह स्टांप विक्रेताओं की थी, जिनमें गणपत चौहान, शहनवाज खान, रहिश एडवोकेट, जगदीश ठाकुर, मौसीन खान और मुकेश मंडलार्ड की दुकानें शामिल हैं। सुबह 7-30 बजे तक भी धुआं उठता देखा जा रहा था। स्टांप वेंडरों ने बताया कि आग लगने से दुकानों में रखे कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, बैटरी, स्टेबलाइजर, स्टांप मशीन, फोटोस्टेट मशीन, राजस्व टिकट, कीबोर्ड, स्टाम्प, कई लोगों की रजिस्ट्रियां और फर्नीचर सहित अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। वेंडरों के अनुसार सालों पुराने रखे महत्वपूर्ण दस्तावेजों और सरकारी डेटा का हुआ है, जो पूरी तरह नष्ट हो गए। इससे कई लोगों के सरकारी रिकॉर्ड, लेनदेन संबंधी दस्तावेज और महत्वपूर्ण फाइलें जल गई। मनावर नगर पालिका की फायर ब्रिगेड की मदद से करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। थाना प्रभारी ईश्वेर चौहान के अनुसार प्रभात गश्त कर रही पुलिस को आग की सूचना मिली थी, समय रहते फायर वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। परिसर में बनी 6 दुकानें आग की चपेट में आई थी।

सिंघाना तथा उमरवन (बाकानेर) गेहूं खरीदी केंद्र पर गेहूं खरीदी की जाए ,,डॉ हिरा लाल अलावा

बाकानेर। लोकप्रिय विधायक डॉ हिरा लाल अलावा ने बताया धार जिला अंतर्गत मनावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंघाना तथा विकासखंड उमरवन (बाकानेर) में कई वर्षों से गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा था, जिसमें सिंघाना के आसपास के 14 ग्राम के किसान सिंघाना गेहूं खरीदी केंद्र पर तथा उमरवन विकासखंड के किसान बाकानेर गेहूं खरीदी केंद्र पर अपनी गेहूं की उपज समर्थन मूल्य पर बेच रहे थे। इस वर्ष भी किसानों ने सिंघाना केंद्र पर 380 पंजीयन गेहूं बेचने के लिए करवाया है। लेकिन प्रशासन द्वारा सिंघाना तथा बाकानेर गेहूं खरीदी केंद्र बंद कर दिया गया है व मनावर मिर्ची मंडी देवला के पास कर दिया है जो सिंघाना गेहूं खरीदी केंद्र 15-16 किमी दूर है, जबकि उमरवन से 15-20 किमी दूर है, जिससे किसानों को खरीदी केंद्र पर गेहूं ले जाने में करीब 150-200 रुपए का खर्च बढ़ जाएगा और किसानों का पूरा दिन बर्बाद हो जाएगा। प्रशासन की गलत निर्णय के कारण भारतीय किसान संघ सिंघाना, उमरवन सहित क्षेत्र के समस्त किसानों और लोगों में आक्रोश व्याप्त है और वे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य है, जिससे स्थिति कभी भी गंभीर हो सकती है। डॉ अलावा ने मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव जी मुख्य सचिव अनुराग जैन धार कलेक्टर महोदय से मांग की है कि सिंघाना गेहूं खरीदी केंद्र तथा बाकानेर गेहूं खरीदी केंद्र पर पुनः गेहूं खरीदी प्रारंभ किए जाने की तत्काल कार्यवाही करें।

नेशनल हाईवे 52 पर हादसा, एक युवक की मौत

शाजापुर, निप्र। जिले में नेशनल हाईवे 52 पर एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा फनिया जोड़ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तराना ले जाया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तराना थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदोरिया ने बताया कि मृतक की पहचान 30 वर्षीय जसपाल सिंह राजपूत के रूप में हुई है। वह अकोदिया थाना क्षेत्र के निशाना गांव का निवासी था। जसपाल अपनी बाइक से बहन के घर महिदपुर जा रहा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अज्ञात आरोपी वाहन की तलाश कर रही है।

जनगणना कार्य समयसीमा में करें-कलेक्टर

शाजापुर, निप्र। जिले में किये जा रहे जनगणना कार्य की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने जिले में किये जा रहे जनगणना कार्य की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी चार्ज अधिकारियों को जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में 01 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य समयसीमा में करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सुश्री बाफना ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए जिन ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना हो, उन ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं वैकल्पिक पेयजल स्त्रोतों का चिन्हांकन करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिये कि रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने की सहमति के पश्चात ही भवन निर्माण के लिए संबंधितों को अनुमति दें, साथ ही समय-समय पर इसकी जाँच भी कराएं। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी सीएमओ को जल कर, संपत्ति कर सहित अन्य करों की वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद पंचायतों के सीईओ को जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में प्रगति लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना ने जिला परिवहन अधिकारी को नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर सतत जाँच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग की समीक्षा कर धारा-85 के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समयसीमा में पूर्ण नहीं करने पर संबंधित अधिकारी पर जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पशुपालन एंव डेयरी विभाग तथा उद्यानिकी के अधिकारी को केसीसी ऋण के लक्ष्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कलेक्टर ने सीएम डेशबोर्ड में दर्ज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर समयसीमा में निराकृत करने, फार्मर आईडी, समग्र आईडी से आधार लिंक केवायसी कराने के निर्देश दिये।

महिला ने कूलर के अंदर छिपा छिपाई थी गांजे की खेप, एनडीपीएस के तहत केस दर्ज

धारतिरला पुलिस ने ज्ञानुपरा में दबिश देकर पकड़ा हजारों का गांजा

धार। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तिरला पुलिस ने ग्राम ज्ञानपुरा में पुलिस ने दबिश देकर एक घर से अवैध गांजा जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम ज्ञानपुरा स्थित हनुमान मंदिर के पास ईंट भट्टे वाली रोड पर एक महिला अपने घर में अवैध मादक पदार्थ छिपाकर बेच रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तिरला थाना प्रभारी ज्योति पटेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने देर रात बताए गए स्थान पर दबिश दी।

कूलर के अंदर छिपा रखा था- तलाशी के दौरान पुलिस को कमरे में एक कूलर रखा हुआ मिला। जब पुलिस ने संदेह के आधार पर कूलर की बारीकी से जांच की, तो उसके अंदर से 1 किलोग्राम से अधिक सूखा गांजा बरामद हुआ। आरोपी महिला ने कूलर के घास और पैड के पीछे इसे छिपाकर रखा था, ताकि किसी को शक न हो। जब्त किए गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दस हजार रुपये आंकी गई है।

आरोपी महिला गिरफ्तार- पुलिस ने मौके से आरोपी महिला ममता पति अशोक वर्मा, निवासी ज्ञानपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि महिला यह गांजा कहां से लाती थी और क्षेत्र में इसके खरीदार कौन-कौन हैं फिलहाल आरोपी महिला से पूछताछ जारी है।